32

BABA MASTNATH UNIVERSITY
ASTHAL BOHAR, ROHTAK
Public Relations Office

Name of the Publication ......HARI BHOOMI......

Date ...29/09/2024... Page .....11..... Column ...01...

Subject छात्रों को भगत सिंह के आदर्शों को अपनाने के लिए प्रेरित किया

छात्रों को भगत सिंह के आदर्शों को अपनाने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के भारत स्काउट एंड गाइड के रेंजर्स और रोवर्स ग्रुप ने शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह की जयंती पर रैली का आयोजन किया। रैली का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एचएल वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया। रोवर्स एवं रेंजर्स समन्वयक डॉ. बबलू शर्मा व डॉ. ईशु के निर्देशन में रैली गेट नंबर 5 से शुरू होकर विश्वविद्यालय प्रांगण से होते हुए गेट नंबर 6 के मानविकी संकाय तक सम्पन्न हुई। कुलपति डॉ. एचएल वर्मा ने कहा कि आज भगत सिंह की जयंती पर हमें उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लेना चाहिए और देश की सेवा करने

रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के भारत स्काउट एंड गाइड के रेंजर्स और रोवर्स ग्रुप रैली को रवाना करते हुए कुलपति डॉ. एचएल वर्मा। फोटो : हरिभूमि

के लिए काम करना चाहिए। उन्होंने शहीद भगत सिंह के बलिदान को देश की आजादी में अतुलनीय बताया। उन्होंने युवाओं को भगत सिंह के आदर्शों को अपनाने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उनका बलिदान देश के लिए अमिट रहेगा। कुलपति ने कहा कि शहीद भगत सिंह ने अपना पूरा जीवन देश के लिए समर्पित कर दिया, उनका बलिदान यह देश कभी नहीं भुला सकता। मानविकी संकाय के डीन डॉ. बीएम यादव ने कहा कि भगत सिंह एक सच्चे देशभक्त थे, जिन्होंने अपनी जवानी में ही देश की स्वतंत्रता के लिए लड़ाई लड़ी और अपना जीवन कुर्बान कर दिया। उनके जीवन से प्रेरणा लें।